जवाहरलाल नेहरू कला, वाणिज्य एवं महाविद्यालय, वाडी में युवाओं के लिए यूथ 20 टॉक का आयोजन

भारत इस वर्ष G 20 की मेजबानी कर रहा हैं, उसी के अंतर्गत यूथ मिनिस्ट्री द्वारा आयोजित Y- 20 (Youth 20) का भारत भर में युवाओं के लिए अलग - अलग विषयों पर संवाद कार्यक्रम (Talk) रखा जा रहा हैं। उसी की एक कड़ी के तहत वाडी स्थित जवाहरलाल नेहरू कला, वाणिज्य एवं विज्ञान महाविद्यालय में इसका आयोजन 7 अगस्त को किया गया । जिसका विषय था 'भविष्य में लोकतंत्र एवं शासन में युवाओं की भुमिका' । इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता युवा प्रेरक शुभम सावनकर तथा CA सर्वेश लांबे थे। इन्होंने युवाओं को तकनीकी कौशल के विकास हेतु प्रेरित किया साथ ही युवा पीढ़ी तकनीकी का दुरुप्रयोग न कर उसे अपने और देश के विकास के लिए किस तरीके से उपयोग में लाई जा सकती हैं इस पर भी प्रकाश डाला। देश प्रेम की भावना आज की युवा पीढ़ी में हमेशा बनी रहे इसके लिए अनेक कार्य करने की अवश्यकता है, यह है शुभम सावनकर ने अपने वक्तव्य में कही। साथ ही महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. टेकाडे ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की जिसमे उन्होंने कहा कि युवाओं को अपने मताधिकार के प्रति जागरूक होना तथा राजनीति के प्रति संवेदनशील होने की आवश्यकता हैं । कार्यक्रम में Y- 20 नागपुर महानगर के संयोजक अंकित कलकोटवार भी उपस्थित थे, कार्यक्रम का आयोजन Y - 20 के मानवीय शाखा के संयोजक डॉ सुमित सिंह ने किया। कार्यक्रम का संचालन आकांक्षा बांगर तथा आभार प्रदर्शन डॉ. नितिन कोंगरे ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक गण तथा भारी संख्या में युवा विद्यार्थी मौजूद थे।